विधान सभा सचिवालय
मध्य प्रदेश
समाचार

विधानसभा अध्यक्ष ने दी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

भोपाल, दिनांक 14 अगस्त, 2023

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी है। श्री गौतम ने अपने संदेश में प्रदेश एवं देश के जन-जन की खुशहाली, उन्नति एवं कल्याण की कामना की है। श्री गौतम ने कहा है कि हम सभी स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को मना रहे हैं यह समय हमारे स्वाधीनता के गौरव के अंतर्मन में महसूस करने के साथ ही विगत साढ़े सात दशकों की उपलब्धियों पर गौरव करने का समय है। आज का दिन स्वतंत्रता संग्राम के उन वीरों के स्मरण का दिन है जिनके बलिदानों की वजह से ही हमारा देश गुलामी की बेड़ियों से मुक्त हो सका । ऐसे अमर शहीदों के बलिदान पर पूरा राष्ट्र नमन करता है ।
श्री गौतम ने अपने संदेश में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर हमें अपने आगामी भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु कृत संकल्पित भी होना चाहिए। प्रदेश के जन-जन का कल्याण हो, वह प्रगति करें और सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हो यही हमारा संकल्प होना चाहिए।

विधानसभा में प्रमुख सचिव श्री ए. पी. सिंह करेंगे ध्वजारोहण

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय में स्वाधीनता दिवस (15 अगस्त)को प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण होगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री ए. पी. सिंह विधानसभा सचिवालय प्रांगण में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा भवन को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव

विस/जसं/23